नीतिआयोग की डेल्टा रैंकिंग में झारखंड का रामगढ़ सबसे पीछे

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **नीतिआयोग** द्वारा **जुलाई-अगस्त 2021 के सर्वे के आधार पर जारी की गई डेल्टा रैंकिंग में झारखंड के लातेहार एवं रामगढ़ को क्रमश: 111वाँ एवं 112वाँ स्थान** मिला है, जबकि **ओडिशा के गजपति ज़िले को प्रथम स्थान** प्राप्त हुआ है।

- **प्रमुख बिंदु**
  - गौरतलब है कि इससे **पूर्व की डेल्टा रैंकिंग में लातेहार 13वें एवं रामगढ़ 22वें स्थान पर** थे, किंतु विकास योजनाओं की धीमी गति के कारण ये पिछड़ गए हैं।
  - नीतिआयोग द्वारा प्रारंभ की गई डेल्टा **रैंकिंग देश के आकांक्षी ज़िलों में स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास तथा बुनियादी अवसंरचना जैसे विकासात्मक क्षेत्रों में वृद्धिशील प्रगति दर्शाती है।**
  - उल्लेखनीय है कि **2018 में प्रारंभ** किये गए आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम का **उद्देश्य इन ज़िलों में तेज़ी से बदलाव लाना है, जिन्होंने प्रमुख सामाजिक क्षेत्रों में तुलनात्मक रूप से कम प्रगति की है।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jharkhand-s-ramgarh-lags-behind-in-niti-aayog-delta-ranking